RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 138 • 31:05:2024 • शुक्रवार • मूल्य : 5/-

## नफरत फैला रहे हैं मोदी, सेना पर थोपी अग्निवीर योजना

### पंजाब के वोटरों को पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने लिखा खत

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 के आखिरी यानी सातवें चरण से पहले पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह ने गुरुवार को पंजाब के लोगों को संबोधित करते हुए एक खत लिखा है। इस दौरान उन्होंने मौजूदा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार द्वारा पंजाब और उसके निवासियों के साथ किए जा रहे व्यवहार पर चिंता व्यक्त की। डॉ. मनमोहन सिंह ने पत्र में कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान मोदी ने सर्वाधिक नफरत फैलाने वाले द्वेषपूर्ण भाषण दिए हैं, जो पूरी तरह विभाजनकारी प्रकृति के हैं। उन्होंने कहा कि अतीत में किसी भी प्रधानमंत्री ने समाज के किसी विशेष वर्ग या विपक्ष को निशाना बनाने के लिए ऐसे घृणित, असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया। पूर्व पीएम ने लिखा, मैं इस चुनाव अभियान के दौरान राजनीतिक चर्चाओं को बहुत ध्यान से देख रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेहद घृणास्पद भाषण दिए हैं, जो पूरी तरह से विभाजनकारी हैं। मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने सार्वजनिक संवाद और प्रधानमंत्री पद की गंभीरता को कम किया है।



इससे पहले किसी भी प्रधानमंत्री ने किसी खास वर्ग या विपक्ष को निशाना बनाने के लिए इतनी घृणित, असंसदीय और निम्नस्तरीय भाषा का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने मेरे लिए भी कुछ गलत बयान दिए हैं। मैंने अपने जीवन में कभी भी एक समुदाय को दूसरे से अलग नहीं किया। यह भाजपा की आदत है। मनमोहन सिंह ने लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत एक जून को होने वाले मतदान से पहले पंजाब के मतदाताओं से अपील करते हुए दावा किया कि केवल कांग्रेस ही है जो ऐसा विकासोन्मुख प्रगतिशील भविष्य सुनिश्चित कर सकती है, जहां लोकतंत्र और संविधान की रक्षा होगी। पंजाब के मतदाताओं को लिखे एक पत्र में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने सशस्त्र बलों पर अग्निवीर योजना थोपने का भी आरोप लगाया और कहा, ''भाजपा सोचती है कि देशभक्ति, शौर्य और सेवा का मूल्य केवल चार साल है। यह उनके नकली राष्ट्रवाद को दर्शाता है।'' पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, ''अतीत में किसी भी प्रधानमंत्री ने समाज के किसी खास वर्ग या विपक्ष को निशाना बनाने के मकसद से इस तरह के द्वेषपूर्ण, असंसदीय और असभ्य शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने मेरे लिए कुछ गलत बयान भी दिए हैं। मैंने अपने जीवन में कभी भी एक समुदाय को दूसरे से अलग नहीं किया है।

## सरकार बनते ही बढ़ जाएगी सेना की ताकत

### के-9 वज्र के लिए खर्च होंगे 6000 करोड़ रुपए

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र में नई सरकार बनते ही भारतीय सेना को और शक्तिशाली बनाने की तैयारी चल रही है। रक्षा शस्त्रागार को और घातक किया जाएगा। केंद्र सरकार की तरफ से अंतिम मंजूरी देनी बाकी है। नई सरकार बनते ही के-9 वज्र ऑटोमैटिक हॉवित्जर जैसे कई रक्षा सौदों को मंजूरी मिलने वाली है।



इंडिया टुडे ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि 100 और के 9 वज्र तोपें और 30 एमएमडी के लिए इंजन खरीदने के लिए 6,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इन सभी हथियारों को आत्मनिर्भरता परियोजना के तहत भारत में ही बनाया जाएगा। रक्षा विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि केंद्र द्वारा मंजूरी दिए जाने वाली परियोजनाओं में मिसाइल विकास परियोजनाएं भी शामिल हैं, जिन्हें अनुसंधान और विकास के लिए शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि के-9 वज्र को पाकिस्तान और चीन की सीमाओं पर तैनात किया गया है।

## फिलिस्तीन को मिला अब 'फिल्मिस्तान' का भी साथ

- बॉलीवुड सितारों ने इजरायल के खिलाफ खोला मोर्चा

**तेलअवीव (एजेंसी)।** राफा में रविवार को इजराइली एयरस्ट्राइक में 45 लोगों की मौत के बाद दुनियाभर में ऑल आइज ऑन राफा (सबकी नजर राफा पर) ट्रेंड कर रहा है। राजनीतिक कार्यकर्ताओं से लेकर बॉलीवुड और हॉलीवुड के सेलेब्रिटीज तक इस ट्रेंड से जुड़ चुके हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म



इंस्टाग्राम पर पिछले 24 घंटे में इससे जुड़ी 4 करोड़ से ज्यादा पोस्ट शेयर किए जा चुके हैं। इनमें प्रियंका चोपड़ा, आलिया भट्ट, करीना कपूर खान, माधुरी दीक्षित, ऋचा चड्ढा समेत कई स्टार्स शामिल हो चुके हैं। कई देशों और अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के लाख मना करने के बावजूद बेंजामिन नेतन्याहू की सेना ने दक्षिण गाजा के शहर राफा में जो कत्लेआम मचाया है, उससे पूरी दुनिया सन्न है। इजरायली सेना ने लगातार तीन दिन राफा के दो राहत शिविरों पर ताबड़तोड़ हमले किए। इन हमलों में पहले 45 लोग मारे गए।

## जम्मू में बड़ा हादसा, खाई में गिरी यूपी की बस, 21 की मौत

### 40 लोग घायल, यूपी के 90 तीर्थयात्री थे सवार, हाथरस से शिव खोरी जा रहे थे

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-पूंछ राष्ट्रीय राजमार्ग (144ए) पर अखनूर के टूंगी मोड़ क्षेत्र में बड़ा सड़क हादसा हो गया।

यहां एक यात्रियों से भरी बस गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में अब तक 21 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब 40 यात्री घायल बताए जा रहे हैं। इनमें 20 को जीएमसी जम्मू रेफर किया गया है। पुलिस व स्थानीय लोगों द्वारा बचाव अभियान चलाया जा रहा है। खाई से निकाल कर घायलों को अखनूर उपजिला अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां से गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जम्मू मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।



प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उत्तरप्रदेश नंबर की यह बस जम्मू से शिवखोड़ी धाम जा रही था। शिवखोड़ी धाम रियासी जिले के पौनी में स्थित है, जो कि कटड़ा सिथ्त माता वैष्णो देवी मंदिर से मात्र 80 किलोमीटर की दूरी पर है। यह भगवान भोलेनाथ को समर्पित है। जानकारी के अनुसार, बस का नंबर है- यूपी 86ईसी 4078 बताया गया है। यह बस अखनूर के टूंगी मोड़ में गहरी खाई में जा गिरी। इस तीखे मोड़ पर सामने से आ रही एक बस के आने से हादसे वाली बस चालक का संतुलन बिगड़ा गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी ने इस भयंकर दुर्घटना पर दुख जताया है।

## बड़ी खुशखबरी ! केरल पहुंचा मानसून, अब होगी झमाझम

### आईएमडी का ऐलान, भीषण गर्मी से जल्द मिलेगी राहत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मौसम विज्ञान विभाग ने औपचारिक तौर पर ऐलान कर दिया है कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून केरल पहुंच गया है। अमूमन मॉनसून एक जून को केरल पहुंचता है लेकिन इस साल अपने तय समय से तीन दिन पहले ही मॉनसून पहुंच चुका है। आईएमडी के वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि सभी स्थितियों के आंकलन के बाद आज हमने केरल में मानसून के पहुंचने की घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा कि केरल के अधिकांश हिस्सों और पूर्वोत्तर के कई हिस्सों को मॉनसून कवर कर चुका है। कुमार ने बताया कि अगले 3-4 दिनों में तमिलनाडु और कर्नाटक के कुछ हिस्सों के साथ-साथ उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और शेष पूर्वोत्तर राज्यों को कवर कर लेने की संभावना है।



बता दें कि अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, नगालैंड, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर और असम में मॉनसून के आगमन की सामान्य तिथि 5 जून है। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा कि रविवार को पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश से गुजरे चक्रवात रेमल ने मॉनसून के प्रवाह को बंगाल की खाड़ी की ओर खींच लिया है, जो पूर्वोत्तर में मॉनसून के जल्दी आने का एक कारण हो सकता है।

## सपा नेता आजम खान को 10 साल की सजा का ऐलान

- डूंगरपुर मामले में रामपुर की कोर्ट ने 14 लाख का जुर्माना भी लगाया

रामपुर (एजेंसी)। सपा नेता आजम खान को डूंगरपुर बस्ती केस में रामपुर की कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आजम खान पर 14 लाख का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने



बुधवार को आजम और बरकत अली को दोषी ठहराया था। जिला शासकीय सहायक अधिवक्ता सीमा सिंह राणा ने बताया आजम खान को 10 और बरकत अली को 7 साल की सजा सुनाई है। आजम और बरकत ने घर में घुसकर मारपीट और लूटपाट की थी। फिलहाल, आजम सीतापुर जेल में बंद हैं। जेल से ही वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से उनकी पेशी हुई। आज जिस केस में आजम को दोषी ठहराया गया, वह अबरार ने दर्ज कराया था।

## पीएम मोदी का विवेकानंद रॉक पर 45 घंटे का ध्यान

- कन्याकुमारी में 1 जून तक रहेंगे, भगवती अम्मन देवी की पूजा भी की

**कन्यकुमारी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक मेमोरियल के ध्यान मंडपम में 45 घंटे का ध्यान शुरू हो चुका है। वे 1 जून तक



ध्यानमग्न रहेंगे। मोदी उसी जगह ध्यान कर रहे हैं, जहां स्वामी विवेकानंद ने भी ध्यान किया था। लोकसभा चुनाव के प्रचार का शोर थमते ही पीएम मोदी गुरुवार की शाम कन्याकुमारी पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले भगवती देवी अम्मन मंदिर में दर्शन-पूजन किया। पूजा के दौरान मोदी सफेद धोती और शॉल पहना था। पुजारियों ने उन्हें विशेष आरती कराई और प्रसाद, शॉल और देवी भगवती अम्मन की फ्रेम में मढ़ी हुई तस्वीर दी। मोदी तिरुवनंतपुरम से कन्याकुमारी हेलीकॉप्टर से पहुंचे थे। यहां से वे ध्यान मंडपम तक फेरी से पहुंचे। चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री की ध्यान यात्रा करने पर चुनावी कानून के तहत कोई रोक नहीं है।

## इंडी गठबंधन वाले मेरा मुंह न खुलवाएं सात पीढ़ी के पाप निकालकर रख दूंगा

### पंजाब को होशियारपुर की रैली में पीएम मोदी ने विपक्ष पर कर दिया बड़ा वार

होशियारपुर (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी ने 30 मई को लोकसभा चुनाव-2024 की आखिरी रैली को संबोधित किया। यह फतेह रैली पंजाब के होशियारपुर में हुई। पीएम ने इंडिया गठबंधन और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन वाले मेरा मुंह न खुलवाएं, 7 पीढ़ी के पाप निकालकर रख दूंगा। पीएम ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले वीरों का अपमान करते हैं। पूर्व सीडीएस विपिन रावत का भी अपमान किया। उन्होंने कहा कि सेना 26 जनवरी के लिए तैयार नहीं की जाती है। सेना लड़ाई के लिए तैयार की जाती है, लेकिन इन्होंने सेना को भी राजनीति का हथियार बना दिया है। इन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगे। सेनाओं को कमजोर करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन सेना का अपमान मोदी बर्दाश्त नहीं करेगा।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार में डबल पीएचडी कर ली है। कांग्रेस की गोद से कट्टर भ्रष्टाचारी पार्टी (एएपी) पैदा हुई है। कहते थे कि पंजाब को नशा मुक्त करेंगे, लेकिन इन्होंने नशे को ही अपनी कमाई का तरीका बना लिया। पंजाब में दोनों पार्टियां आमने-सामने लड़ने का दावा कर रही हैं, जबकि दिल्ली में एक साथ हैं।

## गाजा की जंग में कूदा चीन फिलिस्तीन की करेगा मदद

**बीजिंग (एजेंसी)।** राफा में इजराइल के ताजा हमले के बाद इजरायल-हमास युद्ध एक बार फिर चर्चा में है। इस बीच चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने गुरुवार को बीजिंग में अरब देशों के नेताओं के साथ शिखर सम्मेलन की शुरुआत की है। यहां जिनपिंग ने गाजा में प्रभावित लोगों के लिए मानवीय सहायता देने की घोषणा की है और फ्री-फिलिस्तीन के नारे को भी दोहराया है। शी ने चीन-अरब स्टेटस कोऑपरेटिव फोरम का उद्घाटन करते हुए अपने भाषण में कहा, पिछले अक्टूबर से फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष बढ़ गया है, जिससे लोगों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। युद्ध अनिश्चितकाल तक जारी नहीं रहना चाहिए। इस दौरान शी जिनपिंग ने गाजा की मदद के लिए 500 मिलियन युआन यानी 69 मिलियन डॉलर देने का वादा किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी को 3 मिलियन डॉलर का दान देने का भी वादा किया जो इजराइल-हमास युद्ध के शरणार्थियों की सहायता करता है। वहीं चीन ने टू-स्टेट सॉल्यूशन के समर्थन को भी दोहराया। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, युद्ध में अब तक 36,000 से अधिक फिलिस्तीनियों की जान गई है। अरब देशों के साथ-साथ चीन भी संघर्ष में फिलिस्तीन का समर्थन कर रहा है।

## पूर्व सीएम खट्टर की चेतावनी पर भड़के कर्मचारी

- बोले-मतगणना से पहले कर्मचारियों पर दबाव बनाने की कोशिश

चंडीगढ़ (एजेंसी)। हरियाणा में पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर और भाजपा नेताओं द्वारा कर्मचारियों और अधिकारियों को धमकी देने का मामला तूल पकड़ने लगा है। इसको लेकर कर्मचारियों ने नाराजगी जताई है। पेंशन बहाली संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल ने इसे



आचार संहिता का उल्लंघन बताया है। इसकी शिकायत भारतीय चुनाव आयोग से कर दी है। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल खट्टर इस समय सिर्फ लोकसभा कैंडीडेट हैं, इसके बावजूद वह लगातार प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी को धमकी दे रहे हैं। दरअसल, कुछ दिन पहले सीएम नायब सैनी ने कहा था कि अफसरों की मनमानी हम सरकार में नहीं चलने देंगे। लिस्ट तलब कर ली गई है। वहीं पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर ने कहा था कि आज तुम्हारा टाइम है, 4 जून के बाद हमारा टाइम आएगा।

## हिमाचल में जंगल की आग से चिंता में डूबा हाईकोर्ट

### लिया स्वतः संज्ञान, अब तक 9500 हेक्टेयर भूमि जली

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में इस साल गर्मी की शुरुआत से लेकर अब तक जंगल में आग लगने की 1,033 घटनाएं दर्ज की गई हैं। इस दौरान पिछले 44 दिनों में अब तक 9,500 हेक्टेयर से अधिक भूमि जल चुकी है। जिसके बाद हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने आग लगने की इन घटनाओं का स्वतः संज्ञान लिया है। इस बारे में वन विभाग ने उच्च न्यायालय को एक एक्शन टेकन रिपोर्ट सौंपी है। अब न्यायालय ने विभाग को जंगल में आग की रोकथाम करने के लिए और कोशिशें करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 25 जून के लिए तय की है। जंगलों में लगी आग के बारे में बात करते हुए राज्य के वन प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त प्रधान संरक्षक पीके राणा ने कहा, हिमाचल प्रदेश में इस साल अब तक आग लगने की 1033 घटनाएं सामने आई हैं। हम आग की अधिकांश घटनाओं पर काबू पा चुके हैं। हालांकि राज्य के लगभग 25 वन क्षेत्र अभी भी जंगल की आग की चपेट में हैं और संबंधित अधिकारी आग बुझाने की कोशिश कर रहे हैं। राणा ने आगे कहा, हिमाचल प्रदेश में आमतौर पर जंगलों में आग 15 अप्रैल से 30 जून तक लगती है, लेकिन मौसम और जलवायु में बदलाव के कारण हमने आग के मौसम से पहले ही आग बुझाने के उपाय कर लिए थे। जिसके चलते हम 8000 हेक्टेयर वन क्षेत्र में आग पर काबू पाने में सफल रहे हैं और आग के मौसम के लिए तैयार रहने के वास्ते हमने 1000 किलोमीटर के अन्य क्षेत्र में भी काम किया है। अधिकारी ने कहा, हम लोगों को वनों में लगी आग के बारे में जागरुक करने के लिए पहले ही 900 जनसभाएं कर चुके हैं। आगे राणाा ने बताया, अब तक 9,500 हेक्टेयर जंगल जल चुका है, हम लोगों की भागीदारी बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। हमारे पास संयुक्त वन प्रबंधन समितियां और महिला मंडल हैं, जो हमारी मदद और हमारा समर्थन कर रही हैं।



## मोदी ने 758 बार लिया खुद का नाम, 224 बार मुस्लिमों का जिक्र

### मल्लिकार्जुन खरगे ने साधा निशाना, कहा-मंदिर के बारे में 421 बार बात की है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शनिवार को होने वाले लोकसभा इलेक्शन 2024 के सातवें और अंतिम चरण के मतदान के लिए गुरुवार को चुनाव प्रचार थम गया है। आखिरी दिन विरोधी पार्टियों ने एक दूसरे पर जमकर हमला बोला। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना नाम 758 बार लिया है, मंदिर के बारे में 421 बार बात की है और मुस्लिम, पाकिस्तान और अल्पसंख्यकों का 224 बार उल्लेख किया है, लेकिन पिछले पंद्रह दिनों में एक बार भी महंगाई और बेरोजगारी के बारे में नहीं बोला। खरगे ने गुरुवार को यह भी दावा किया कि 4 जून को लोग एक नई, वैकल्पिक सरकार के लिए फैसला देंगे और इंडिया गठबंधन बहुमत की सरकार बनाएगा। उन्होंने कहा, अगर हम भाजपा के अभियान को देखें और प्रधानमंत्री के बारे में बात करें, तो पिछले 15 दिनों में उन्होंने 232 बार कांग्रेस का जिक्र किया।



उन्होंने 758 बार खुद का नाम (मोदी) लिया और 573 बार उन्होंने इंडिया गठबंधन और विपक्षी दलों के बारे में बात की। लेकिन महंगाई और बेरोजगारी के बारे में एक बार भी नहीं बोले। यह दर्शाता है कि उन्होंने महत्वपूर्ण मुद्दों को एक तरफ रख दिया और अभियान में केवल अपने बारे में बात की। कांग्रेस अध्यक्ष ने गुरुवार को कहा, चुनाव आयोग ने कहा था कि जाति या सांप्रदायिक आधार पर कोई अपील नहीं की जाएगी। लेकिन मोदी जी ने 421 मौकों पर मंदिर के बारे में बात की।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रामीणों ने किया वोट बहिष्कार का ऐलान, 4 KM दूर मतदान केंद्र बनाने से नाराजगी



**पटना।** पटना जिला के फतुहा में वोटिंग से दो दिन पहले सुपनचक गांव के लोगों ने वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है। गांव से चार किलोमीटर दूर मतदान केंद्र बनाया गया है। इस वजह से ग्रामीणों में नाराजगी है। इसे लेकर लोगों ने नारेबाजी भी की है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत चुनाव के समय प्राथमिक विद्यालय में मतदान केंद्र बनाया गया था। परसों यानी 01 जून को लोकसभा चुनाव को लेकर वोटिंग होनी है। जैसे ही हमें पता चला कि गांव में मतदान केंद्र ना बनाकर चार किलोमीटर दूर रसलपुर में बनाया गया है। इसे लेकर गांव वाले स्कूल के पास पहुंचे और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों का कहना है कि इतनी दूर जाकर वोटिंग करने में परेशानी होगी। सबसे ज्यादा समस्या महिलाओं को होगी। उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा कि जब पंचायत चुनाव के समय स्कूल में वोटिंग हो सकती है तो अब 4 किलोमीटर दूर क्यों। इसके लिए सीधे तौर पर जिला प्रशासन जिम्मेदार हैं।

### बालिका वधू फेम एक्ट्रेस के घर लगी थी आग, पटना में 75 कर्मियों ने साढ़े तीन घंटे में बुझाई

**पटना।** पटना के फ्रेजर रोड में सूर्या अपार्टमेंट के 9वें फ्लोर पर बुधवार शाम अचानक भीषण आग लग गई। चंद मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दमकल की 3 हाइड्रोलिक, 3 वाटर बाउजर, और 15 दमकल की गाडियां मौके पर पहुंचीं। आग को बुझाने में अग्निशमन के 75 कर्मी लगे थे। साढ़े तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। जिस फ्लैट में आग लगी वो फ्लैट बालिका वधू फेम एक्ट्रेस नेहा मर्दा अग्रवाल का था।



अपार्टमेंट के 9वें फलोर पर जिस फ्लैट में आग लगी वो बंद था। आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग से कितने का नुकसान हुआ है इसका आकलन किया जा रहा है। वहीं मौजूद फायर ब्रिगेड के अधिकारी ने बताया कि आग पर बहुत जल्द काबू पाया जा सकता था, लेकिन फ्लैट की ऊंचाई, बगल में ऊंचे पेड़ और बेहिसाब तार के जाल के चलते आग पर काबू पाने में ज्यादा समय लगा। सूर्या अपार्टमेंट में 12 घंटे बाद भी बिजली-पानी बहाल नहीं होने के कारण लोगों की परेशानी बढ़ गई है। अपार्टमेंट में कई कार्यालय और फ्लैट हैं। घटना के बाद बिजली सप्लाई को बंद कर दिया गया था, लेकिन सुबह 10 बजे कार्यालय खोलने पहुंचे लोगों को अंदर जाने से रोक लिया गया। फिलहाल बिजली सहित अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही अंदर जाने की अनुमति दी जाएगी। सूर्या अपार्टमेंट के 9वें तल्ले पर जिस फ्लैट में आग लगी वो फ्लैट बालिका वधू फेम कलाकार नेहा मर्दा अग्रवाल का है। जब आग लगी तो फ्लैट में ताला लगा हुआ था। आसपास के लोगों ने बताया कि सभी लोग मुंबई में रहते है। वो लोग जब कभी भी पटना आते हैं तो यहीं रहते हैं। फ्लैट उनके ससुर ओमप्रकाश अग्रवाल के नाम पर रजिस्टर्ड है। ससुर ने यह फ्लैट खरीदकर नेहा मर्दा को गिफ्ट किया था। 10 फरवरी 2012 को नेहा और आयुष्मान अग्रवाल की शादी हुई थी। आयुष्मान एक बिजनस मैन हैं।

### पटना में कैंसर पीड़िता के साथ फर्जीवाड़ा

**पटना।** वहीं घटना को लेकर पीड़िता मोती देवी ने पटना के गांधी मैदान थाने में तीन भू माफियाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर करते हुए बताया कि कैंसर के इलाज के लिए दो कट्ठा जमीन बेचने की बात हुई थी और रजिस्ट्री के लिए पटना के छजुब्बाग में अपने बेटे और परिवार के साथ पहुंचे थे, लेकिन कार्यालय में भीड़ नहीं लगाने को लेकर महिला और खरीदार के लोग कार्यालय में ले जाकर सिग्नेचर की जगह अंगुठे का निशान लिया और बिना कुछ बताए निकल गए। कार्यालय के कर्मचारी ने भी इसकी जानकारी नहीं दी कि 58 कट्ठे जमीन पर अंगुठे का निशान लगवा लिया है। हंगामे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है, लेकिन घटना के एक सप्ताह बाद भी पुलिस ने अबतक कोई कार्रवाई नहीं की है। इसलिए पीड़िता को थाने का चक्कर लगाना पड़ रहा है।गांधी मैदान थाना अध्यक्ष सीताराम के मुताबिक मामला दर्ज किया गया और जांच में पूरी घटना भी सत्य पाया गया है, क्योंकि जब पीड़िता खुद हस्ताक्षर करती है तब जबरन अंगूठे का निशान लेना संदेह के घेरे में है। मामले में गंभीरता से जांच की जा रही है। निबंधन कार्यालय की CCTV की जांच शुरू कर दी गई है। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। टाउन DSP- 2 ने बताया कि कैंसर पीड़ित महिला से जमीन लिखवाने का मामला सामने आया है। निबंधन कार्यालय जाकर इसकी जांच की जाएगी। निबंधन कार्यालय के कौन-कौन लोग शामिल हैं। उनकी पहचान कर आगे की करवाई की जाएगी। चुनाव को लेकर पीड़ित महिला को थोड़ी समस्या हुई है, लेकिन चुनाव खत्म होते ही कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। पीड़िता के दामाद ने बताया कि दानापुर थाने में भी मनीष और सतीश के खिलाफ फर्जीवाड़ा का अनुसंधान जारी है। वहीं अब दूसरी घटना कैंसर पीड़ित महिला के साथ हुई है, जहां दो कट्ठा की जगह 58 कट्ठा पर अंगूठे का निशान लगवा लिया और ये काम निबंधन कार्यालय के कर्मी के बिना सांठ गांठ के हो ही नही सकता है। जिला निबंधन पदाधिकारी सह विशेष विवाह पदाधिकारी धनंजय कुमार राव ने भी घटना को लेकर जांच रिपोर्ट गांधी मैदान थाना को भेज दिया है और बताया कि घटना में कौन-कौन लोग शामिल हैं। उसकी भी जांच की पुलिस खुद कर रही है ताकि यह पता चल सके कि फर्जीवाड़ा कर जमीन रजिस्ट्री कराने में किसका हाथ है।

### बिहार के स्कूल में बच्चों की छुट्टी, टीचर्स करेंगे ड्यूटी, सीएम पर भारी केके पाठक का आदेश

**पटना।** पूरा बिहार भीषण गर्मी की चपेट में है। बुधवार को राज्य के 19 जिलों में करीब 350 बच्चे गर्मी से बेहोश हो गए। जिसके बाद सीएम नीतीश कुमार ने मुख्य सचिव को सरकारी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया। भीषण गर्मी को देखते हुए 30 मई से 8 जून तक बंद रखने का आदेश जारी हुआ है। लेकिन CM नीतीश के स्कूल बंद करने के आदेश में भी केके पाठक ने संशोधन किया है। स्कूल में बच्चों की छुट्टी तो होगी, लेकिन शिक्षक पहले की तरह स्कूल आएंगे। शिक्षक पहले की तरह सुबह छह बजे स्कूल आएंगे और दोपहर 1.30 बजे तक स्कूल में रहेंगे। स्कूल में रहते हुए शिक्षक शिक्षा विभाग के पोर्टल पर बच्चों का डाटा अपलोड समेत दूसरे कार्य करेंगे। इस आदेश को लेकर शिक्षकों में आक्रोश बढ़ गया है। शिक्षकों का कहना है कि बच्चे नहीं आएंगे तो फिर शिक्षकों को बुलाने की क्या जरूरत है। हीटवेव से क्या शिक्षक प्रभावित नहीं होंगे? शिक्षकों ने सीएम से राहत देने की मांग की है। इधर, मौसम विभाग ने अगले 2 दिन बिहार के लिए हीटवेव से गंभीर हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। जमुई के मध्य विद्यालय सिमुलतला में संस्कृत विषय की शिक्षिका ज्योतिमा कुमार भीषण गर्मी के कारण विद्यालय बेहोश हो गई। उन्हे बेहतर इलाज के लिए देवघर रेफर किया गया है। जमुई के मध्य विद्यालय सिमुलतला में संस्कृत विषय की शिक्षिका ज्योतिमा कुमार भीषण गर्मी के कारण विद्यालय बेहोश हो गई। उन्हे बेहतर इलाज के लिए देवघर रेफर किया गया है। बुधवार को पटना, शेखपुरा, बेगूसराय, गया, नालंदा, नवादा समेत कई जिलों में 350 से अधिक बच्चे भीषण गर्मी और उमस के कारण बेहोश हो गए। पटना जिले में 41 से अधिक और शेखपुरा में 25 से अधिक छात्र-छात्राएं बेहोश हो गए।

# लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के लिए थमा प्रचार अभियान

एजेंसी, पटना।

◆ 1 जून को बिहार में 8 सीटों पर वोटिंग, कुल 1,62,45,94 वोटर्स 134 प्रत्याशियों के किस्मत का करेंगे फैसला



बिहार में लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण( 7वां फेज) का प्रचार थम गया है। 1 जून को 8 संसदीय क्षेत्र पटना साहिब, पाटलिपुत्र, नालंदा, आरा, सासाराम, काराकाट, बक्सर और जहानाबाद में वोट डाले जाएंगे। वोटिंग सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। मतदान की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

**कुल 1 करोड़ 62 लाख 4 हजार 594 वोटर्सः** आखिरी चरण में आठ संसदीय क्षेत्र में कुल 1 करोड़ 62 लाख 4 हजार 594 वोटर्स हैं। महिला वोटरों की संख्या 77 लाख 2 हजार 559 है, जबकि पुरुष वोटरों की संख्या 85 लाख 1 हजार 620 है। थर्ड जेंडर 415 हैं। इस चरण में 134 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें 12 महिलाएं हैं। राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त पार्टी के 23 उम्मीदवार हैं। 43 प्रत्याशी निर्दलीय हैं। रजिस्टर्ड पार्टी के 68 प्रत्याशी ताल ठोक रहे हैं।

**16 हजार 634 मतदान केंद्र बनाए गएः** कुल 16 हजार 634 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। ग्रामीण इलाकों में 12 हजार 749 और शहरी क्षेत्र में 3 हजार 850 पोलिंग स्टेशन हैं। 146 मतदान केंद्र ऐसे हैं जहां सिर्फ और सिर्फ महिलाकर्मियों को तैनात किया जाएगा। 117 मॉडल और 56 पीडब्ल्यूडी मैनेज्ड पोलिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं।

**आठों संसदीय क्षेत्र में वोटरों की संख्याः** पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक वोटर्स वोट कास्ट करेंगे। यहां मतदाताओं की संख्या 22 लाख 92 हजार 45 है। जिनमें से 12 लाख, 8 हजार पुरुष और 10 लाख 83 हजार 934 महिला वोटर हैं। थर्ड जेंडर की आबादी 111 है। लोकसभा सीट जहानाबाद में सबसे कम वोटर्स हैं। मतदाताओं की संख्या 16 लाख 70 हजार 327 है। महिला वोटर 7 लाख 97 हजार 83 और पुरुष वोटर 8 लाख 73 हजार 212 हैं। थर्ड जेंडर सिर्फ 32 है।नालंदा में कुल 22 लाख 88 हजार 240 मतदाता हैं। इसमें से 11 लाख 96 हजार 965 पुरुष और 11 लाख 91 हजार 206 महिलाओं की संख्या है। थर्ड जेंडर की आबादी 69 है। पाटलिपुत्र में कुल वोटरों की संख्या 20 लाख 73 हजार 685 है। महिलाओं की आबादी 9 लाख 84 हजार 351 है और पुरुषों की संख्या 10 लाख 89 हजार 278 है। थर्ड जेंडर की संख्या 56 है।आरा में 21 लाख 65 हजार 574 वोटर मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें से पुरुषों की संख्या 11 लाख 51 हजार 480 और महिलाओं की संख्या 10 लाख 14 हजार 61 है। थर्ड जेंडर की संख्या 53 है। बक्सर में कुल वोटरों की संख्या 19 लाख 23 हजार 164 है। 10 लाख 6 हजार 224 पुरुष और 916923 महिला वोटर हैं। थर्ड जेंडर की संख्या सिर्फ 17 है। सुरक्षित लोकसभा सीट सासाराम में 19 लाख 10 हजार 368 वोटर हैं। महिलाओं की संख्या 9 लाख 13 हजार 925 और पुरुष वोटर 9 लाख 96 हजार 416 हैं। थर्ड जेंडर की आबादी 27 है। काराकाट लोकसभा सीट पर 18 लाख 81 हजार 191 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पुरुष वोटरों की संख्या 9 लाख 80 हजार 45 है। महिलाओं की संख्या 9 लाख 1 हजार 76 है। थर्ड जेंडर की संख्या 70 है।

## हर्ष राज हत्याकांड में दूसरा आरोपी अमन पटेल गिरफ्तार

एजेंसी, पटना।



◆ दशहरा के समय हुआ था विवाद, बदला लेने की नियत से हत्या

पटना पुलिस ने छात्र हर्ष राज हत्याकांड के एक और आरोपी अमन पटेल को गिरफ्तार किया है। अमन पटेल छात्रावास में रहता था। दशहरा के समय आयोजित कार्यक्रम में हर्ष का पहले अमन पटेल से ही विवाद हुआ था। मारपीट में अमन की ओर से रवीश कुमार और चंदन यादव भी शामिल था। बदले की नीयत से इस हत्याकांड को पूरे प्लानिंग के साथ अंजाम को दिया गया है। इसकी पुष्टि पूर्व एसपी भारत सोनी ने की है।

**जिला में कैंप कर रही है पुलिसः** उन्होंने बताया कि हत्याकांड में जिन छात्रों का नाम सामने आया है। उसमें राजा बाबू उर्फ मयंक (सुपौल), शिवम उर्फ लक्ष्य (मधेपुरा), प्रकृति आनंद उर्फ आरुष (बेगूसराय) के खिलाफ पुलिस वारंट प्राप्त कर चुकी है। गिरफ्तारी के लिए संबंधित जिले में कैंप भी पुलिस कर रही है। इसके अलावा जैक्शन हास्टल के छात्र रवीश कुमार की तलाश की जा रही है। हालांकि ये अभी फरार चल रहा है।

**गंगा घाट के तरफ से आए थे सभी आरोपीः** एसपी ने बताया कि अभी सप्ष्ट नहीं हो पाया है कि इस घटना में कितने लोग शामिल थे। सीसीटीवी फुटेज और आई विटनेस के आधार पर पुलिस छानबीन कर रही है। ऐसी जानकारी मिली है कि कुछ आरोपी गंगा घाट की ओर से आए थे। इसके सत्यापन के लिए गंगा किनारे लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। यूनिवर्सिटी कैंपस में सीसीटीवी लगाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम आग्रह ही कर सकते हैं।

**पुलिस प्रशासन और यूनिवर्सिटी प्रशासन के बीच कम्युनिकेशन गैपः** बता दें, पटना यूनिवर्सिटी कैंपस में जब बमबाजी हुई थी, तो उस समय प्रशासन की ओर से सीसीटीवी कैमरा लगाने की बात कही गई थी। जो अब तक नहीं लग पाया। अगर कैंपस के अंदर सीसीटीवी कैमरा होता तो पुलिस प्रशासन को काफी सहूलियत मिलती। शायद इस तरह की घटना पर समय रहते नकेल भी कसा जा सकता था।

## आज से 2 जून तक बंद रहेगा केंद्रीय विद्यालय

एजेंसी, पटना।



केंद्रीय विद्यालय बेली रोड आज से 2 जून तक बंद रहेगा। स्कूल की ओर से जारी नोटिस में कहा गया कि विद्यार्थियों और अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि लोक सभा चुनाव की वजह से शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक स्टाफ सदस्यों को चुनावी ड्यूटी में लगाया गया है। इस कारण गुरुवार से 2 जून तक स्कूल ऑफिस बंद रहेगा।स्कूल के प्राचार्य पीके सिंह ने बताया कि स्कूल में पहले ही गर्मी की छुट्टी चल रही है। स्कूल में विद्यार्थियों की पढ़ाई 21 जून से शुरू होगी। वहीं, इससे पहले 27 मई को केंद्रीय विद्यालय बेली रोड में क्लास 11वीं में एडमिशन के लिए मेरिट लिस्ट जारी किया गया था। यह मेरिट लिस्ट कक्षा 10वीं के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार किया गया था। 11वीं कक्षा में प्रवेश पाने के लिए छात्रों को ऑप्शन फॉर्म जमा करना था। यदि केंद्रीय विद्यालय बेली रोड के छात्रों के एडमिशन के बाद सीटें खाली रहती हैं, तो गैर-केवी छात्रों के आवेदन के लिए एप्लीकेशन फॉर्म के लिए पोर्टल खोले जाएंगे। केंद्रीय विद्यालय ने 11वीं कक्षा के नामांकन नियमावली में बदलाव किया है। नई नियमावली के अनुसार केंद्रीय विद्यालय से 10वीं में पास विद्यार्थी खुद अपने ही स्कूल में दाखिला नहीं ले पाएंगे। अब केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 11 में हर सेक्शन में अधिकतम 40 छात्रों को ही नामांकन दिया जाएगा।

## रविशंकर प्रसाद के लिए उपमुख्यमंत्री ने मांगा वोट

### लालू यादव पर साधा निशाना, कहा- इतना चारा खाए कि उनका बुद्धि मंद हो गया

एजेंसी, पटना।



लोकसभा चुनाव प्रचार के अंतिम दिन बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने खुसरूपुर पहुंचकर NDA प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद के लिए वोट मांगा। विजय सिन्हा खुसरूपुर में अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत जगमाल बीघा से किया, जहां उनके पहुंचते ही लोगों ने उनका भव्य रूप से स्वागत किया। इस मौके पर जगमाल बीघा में उन्हें अंग वस्त्र एवम माला पहनाकर स्वागत किया है। विजय सिन्हा के चुनावी जनसंपर्क अभियान का स्वागत छोटी नवादा हनुमान मंदिर के पास भी किया गया। विजय सिन्हा के पहुंचते ही लोगो काफी उत्साह देखा गया। कार्यकर्ताओं ने उनका बड़े ही गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए एक एक वोट का महत्व है, क्योंकि इस बार 400 पार के लक्ष्य को प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि राजद के भय, भ्रष्टचार के मांझे को ध्वस्त करते हुए इस बार के चुनाव में प्रचंड जीत के साथ राजद के लालटेन को बुझाना नहीं, बल्कि तोड़कर फेंक देना है।

**लालू यादव पर साधा निशानाः** पत्रकार के एक सवाल, लालू जी ट्वीट कर रहे हैं की 10 सालों में मोदी जी क्या किए, वो तो बता नहीं रहे हैं, मुद्दे की बात नहीं कर रहे हैं। इसपर विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि लालू यादव भूल गए हैं कि वो इतना चारा खाए कि उनका बुद्धि भी मंद पड़ गया है। बिहार के अंदर आज जो सुपर स्ट्रेक्चर टू लेन, फोर लेन, एंड सिक्स लेन से लेकर बड़े-बड़े हाइवे IIT से IIM हर जिले के अंदर इंजिनियरिंग कॉलेज से लेकर पॉलिटेक्निक और GNM और पारा मेडिकल हैं। वो अपना चरवाहा विद्यालय खोज रहे हैं। उनको मिल नहीं रहा है इसलिए उनको बुझा नहीं रहा कि कुछ हुआ है। मैं बता दूं कि बिहार को वो जातीय नरसंहार में छोड़कर गए थे। बिहार में हत्या, अपहरण, लूट, बलात्कार का उद्योग चलाए थे। वो सबको ढूंढ रहे हैं, लेकिन वो सब समाप्त हो गया। मोदी की गारंटी पर और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दोनों मिलकर एनडीए के शासन में सुशासन स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास का कोई गारंटी दे रहा है तो वो नरेंद्र मोदी की गारंटी है। बाकी लोग अपने परिवार की गारंटी दे रहे हैं। आप देख लें कि जो राजद, कांग्रेस के लोगों ने बिहार में अराजकता, अपराध, भ्रष्टाचार बढ़ाया है ऐसी मानसिकता के लोग बिहार के हितैषी कतई नहीं हो सकते हैं।

**बैकठपुर गौरीशंकर मंदिर किया पूजा-अर्चनाः** अपने चुनावी अभियान को आगे बढ़ाते हुए उप मुख्यमंत्री बैकठपुर गौरीशंकर मंदिर पहुंचकर पहले पूजा अर्चना किया फिर बैकठपुर पंचायत का भ्रमण किया। लोगों से मिलकर वोट मांगी। मौके पर भ्रमण दल का नेतृत्व पूर्व ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष निलेश रंजन, पिंटू सिंह, उज्जवल कुमार अजय कुमार आजाद, विष्णु नारायण चौबे, झुनकी देवी, गीता दांगी कर रहे थे। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पटना साहिब लोक सभा उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद के लिए प्रदेश के कई नेताओं आकर अपनी ओर से उनके पक्ष में वोट मांगी है। वहीं लोजपा के रामविलास पार्टी के चिराग पासवान ने भी सभा का संबोधन किया है।

## पटना में युवक पर कैंची से हमला, शरीर पर 22 से 25 बार किया वार

### हालत गंभीर, आरोपी को पुलिस ने दबोचा

एजेंसी, पटना।

पटना सिटी के मौरी गली में बीती रात अपराधियों ने एक युवक सागर कुमार (23) को कैंची से गोद डाला। घायल अवस्था में युवक को इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की पुष्टि करते हुए पटना सिटी के डीएसपी-2 डॉ. गौरव कुमार ने बताया कि पुलिस घटना के कारणों की तलाश कर रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी का माहौल कायम है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि मौरी गली में अपराधियों ने सागर कुमार को कैंची से गोद डाला। युवक को अपराधियों ने लगभग पूरे शरीर में 22 से 25 बार कैंची से वार किया। इस घटना में सागर कुमार के शरीर में दर्जनो जगहों पर जख्म के निशान हैं और वह बुरी तरह घायल है। घटना की सूचना मिलते ही पटना सिटी के खाजेकला थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सागर कुमार को इलाज के लिए पटना के PMCH में भर्ती कराया है। पटना सिटी के DSP डॉक्टर गौतम कुमार ने बताया कि सागर कुमार नाम के युवक को सिरफिरे युवक के द्वारा कैंची मारे जाने की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि कैंची शरीर के कई भागों में लगी है। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पूरे मामले की छानबीन की जा रही है।

## मुजफ्फरपुर से 3 लाख का इनामी कुख्यात गिरफ्तार

एजेंसी, पटना।



मुजफ्फरपुर के मुशहरी थाना क्षेत्र से कुख्यात रंजन ओंकार को STF ने गिरफ्तार किया है। रंजन पर मुजफ्फरपुर के कई थानों में हत्या, रंगदारी, लूट समेत दर्जनों मामले दर्ज हैं। कुख्यात इनामी अपराधी को पकड़ने के लिए STF की टीम लगातार काम कर रही है। STF के अधिकारी ने बताया कि जानकारी मिली कि 3 लाख का कुख्यात इनामी वांछित अपराधी रंजन ओंकार सिंह उर्फ कुमार रंजय ओंकार मुजफ्फरपुर के मुशहरी में छुपा है। इसके आधार पर कुख्यात इनामी रंजन ओंकार सिंह उर्फ कुमार रंजय ओंकार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार कुख्यात पर हत्या, लूट, रंगदारी का मामला मुजफ्फरपुर के कई थानों में दर्ज है। गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने गिरफ्तार किया है, जहां गिरफ्तारी के बाद उसे बिहार पुलिस के हवाले कर दिया गया है। फिलहाल पूछताछ जारी है। रंजय ओंकार मुजफ्फरपुर जिले में भू-माफिया के नाम से जाना जाता था। इसने 2023 में कुख्यात मंटू शर्मा, गोविंद शर्मा समेत अन्य सहयोगियों ने मिलकर जमीन कारोबारी आशुतोष शाही समेत तीन निजी गार्ड को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था।

## स्पोर्ट्स एक्टिविटी से गुलजार रहेगा जून, बिहार में पहली बार महिला कबड्डी लीग का होगा आयोजन

एजेंसी, पटना।



बिहार में जून का महीना स्पोर्ट्स एक्टिविटी से गुलजार रहेगा। अगले महीने खेल के कई आयोजन होने वाले हैं। 10 जून से 16 जून तक पहली बार 'बिहार महिला कबड्डी लीग' की शुरुआत हो रही है। इसमें 6 टीम भाग लेगी, जिसका आयोजन पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा। वहीं, अंडर-15 और अंडर-17 आयु वर्ग के लड़कों के लिए फुटबॉल राज्य लीग का फाइनल और पुरस्कार वितरण 2 जून को होगा। बिहार में खेल प्रतिभा को तलाशने के लिए स्कूलों से शुरुआत की जाएगी। इसके लिए जून के चौथे हफ्ते से स्कूलों में खेल प्रतिभा खोज प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही 28 जून को भारोत्तोलन, एथलेटिक्स और कुश्ती में खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया जाएगा। इसके अलावा जून महीने में ही मेडल लाओ, नौकरी पाओ योजना के तहत आवेदन आमंत्रित करने के लिए, खेल छात्रवृत्ति नीति के तहत आवेदन आमंत्रित करने के लिए और खेल सम्मान समारोह के लिए पोर्टल खोला जाएगा। इसकी तारीख बाद में निर्धारित की जाएगी।

**नेशनल स्कूल गेम्स में 2023-24 में झटके 74 पदकः** वहीं, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण (BSSA) ने एक डाटा जारी करते हुए नेशनल स्कूल गेम्स में बिहार के निरंतर बेहतरीन प्रदर्शन के बारे में बताया है। नेशनल स्कूल गेम्स में 2023-24 में बिहार के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक का सर्वाधिक 74 पदक अपने नाम कर लिया है।

इसके पहले 2017-18 में 37 पदक, 2018-19 में 35 मेडल, 2019-20 में 48 मेडल बिहार को हासिल हुए थें। 2020-22 में कोविड की वजह से गेम्स का आयोजन नहीं हुआ। 2022-23 में सिर्फ अंडर 19 गेम्स हुए थें, जहां बिहार ने 13 पदक जीते थे। इस बार आंकड़ा 100 तक ले जाने की उम्मीद है। BSSA ने अबकी बार 100 पार का नारा दिया है।

## पटना में मॉब लिंचिंग, युवक की मौत

एजेंसी, पटना।



◆ परिजन बोले-चोरी के आरोप में भीड़ ने दो लोगों को पीटा, DSP ने कहा-गांजा खरीदने गए थे, 4 गिरफ्तार

पटना में मॉब लिंचिंग का मामला सामने आया है। जहां दो लोगों की जमकर पिटाई कर दी गई, इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। मामला नौबतपुर के थाना के सबरचक पंचायत के जीतू चक गांव का है, जहां चोरी का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने दो युवकों की जमकर पिटाई कर दी। इलाज के दौरान PMCH में एक युवक सुधीर कुमार (27) की मौत हो गई, जबकि एक युवक सन्नी कुमार (26) बुरी तरह घायल हो गया। ग्रामीणों ने युवक की कार को भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की पुष्टि करते हुए नौबतपुर DSP दीपक कुमार ने बताया कि दो युवक बुधवार की देर रात सावरचक गांव में गांजा खरीदने गए थे। इसी क्रम में ग्रामीणों के द्वारा विवाद होने पर दोनों युवकों की जमकर पिटाई कर दी गई, जिसमें एक युवक की मौत इलाज के दौरान हो गई है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ की जा रही है। गांजा बेचने वाले की भी पहचान की जा रही है। परिजनों ने बताया कि युवक ओला कैब चलाकर अपने घर लौट रहा था। इसी क्रम में ग्रामीणों के द्वारा पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। परिवार के लोगों ने आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

**गांजा खरीदने के दौरान हुआ विवाद-डीएसपीः** नौबतपुर डीएसपी दीपक कुमार का कहना है गांव में एक व्यक्ति लालजी पंडित गांजा का कारोबार किया करता है और यह दोनों युवक रात ढाई बजे गांजा लाने वहां गए थे। इसी क्रम में कुछ कहासुनी हुई और वहां मौजूद लोग चोर-चोर का हल्ला करने लगे। इसकी बाद वहां और लोग जुट गए और दोनों की पिटाई की गई है।

**गांवों ने चोर बताकर पीट-पीट कर मार डालाः चाचाः** मृतक सुधीर कुमार के चाचा अशोक राम ने बताया कि सुधीर पटना में ओला कैब गाड़ी चलाता था। गुरुवार की देर रात कार से अपने दोस्त के साथ घर लौट रहा था। इसी क्रम में सबरचक गांव के नजदीक कुछ ग्रामीणों ने उन्हें पकड़ लिया और चोर-चोर का हल्ला करने लगे। सुधीर खुद को निर्दोष बताता रहा, लेकिन ग्रामीण चोर समझकर उन्हें पीटते रहे। जब दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गए, तो ग्रामीणों ने इसकी सूचना नौबतपुर थाने को दी। नौबतपुर थाने की पुलिस ने घायल अवस्था में दोनों युवकों को इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच में भेजा, जहां सुधीर कुमार की मौत हो गई। सिल्वर टोला निवासी सुधीर कुमार (27) बुधवार की देर रात अपनी कार से घर लौट रहा था। बताया जा रहा है कि सबरचक गांव पहुंचने के बाद उसका एक दोस्त सन्नी कुमार भी साथ आ गया।

## संक्षिप्त समाचार

### छेड़खानी के मामले में दोषी को तीन साल की सजा

**गया, एजेंसी।** बेलागंज थाना से संबंधित छेड़खानी के एक मामले में बुधवार को पॉक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश असिताभ कुमार की अदालत ने दोषी अभियुक्त अनुज कुमार को तीन साल की सजा सुनाई। साथ ही एक हजार रुपये का अर्थ दंड भी लगाया। अदालत ने इस मामले के सात अन्य अभियुक्त शिवकुमार यादव, अर्जुन यादव, तोरिक यादव, अजय यादव, धनंजय यादव, बंसी यादव व मीना देवी को एक-एक हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाकर छोड़ दिया। यह सभी दोषी अभियुक्त पीडिता के परिजन के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। यह घटना 23 अगस्त 2018 की है। उस दिन पीडिता स्थानीय एक स्कूल में जानवर की रस्सी लाने गई थी। इसी दौरान अभियुक्त अनुज कुमार ने पीड़िता के साथ छेड़खानी की घटना को अंजाम दिया था तथा बुरी नियत से उसे टूटे मकान में ले जा रहा था। पीड़िता द्वारा हल्ला किए जाने पर अभियुक्त उसे छोड़कर भाग गया था। जब इसकी शिकायत पीड़िता के परिजन द्वारा करने पर अभियुक्तों ने पीडिता के घर जाकर उसके परिवार के साथ मारपीट की थी। अभियोजन पक्ष की ओर से इस मामले में पीड़िता व उसके परिजन तथा अनुसंधान कर्ता सहित चार गवाहों का परीक्षण कराया गया था।

### महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**दरभंगा, एजेंसी।** विश्व महावारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर मंगलवार को राढ़ी दक्षिणी के डब्ल्यूपीयू परिसर में पंचायत की महिलाओं एवं लड़कियों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें खासकर आंगनबाड़ी कर्मी, आशा व जीविका दीदियों ने महिलाओं के बीच माहवारी के दौरान होने वाली समस्याओं पर चर्चा की। मौके पर पूर्व मुखिया पिंकी देवी ने महिलाओं से कहा कि माहवारी के दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से हमेशा सिनेटरी पैड का ही इस्तेमाल करना चाहिए, न कि पुराने कपड़ों का। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लोहिया स्वच्छता अभियान के पर्यवेक्षक अमरेंद्र कुमार झा एवं जीविका के कोआर्डिनेटर सरिता झा ने माहवारी के दौरान महिलाएं कैसे सावधान रहें इस पर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने खानपान से संबंधित विषयों पर अपने अनुभवों को महिलाओं के बिच विस्तार से साझा किया। उधर, किलकारी बिहार बाल भवन दरभंगा की ओर से बच्चों के साथ संवाद सत्र व विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महिला व बाल विशेष कोषांग से रंजू कुमारी तथा समाजिक कार्यकर्ता कनु प्रिया थीं। इसमें मासिक धर्म के दौरान महिलाओं एवं बच्चियों को बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गयी। बच्चों ने पोस्टर निर्माण, चित्रकला व नाटक के माध्यम से समग्र जानकारी प्रस्तुत की। मौके सहायक लेखा पदाधिकारी शशि रंजन व अन्य उपस्थित थे।

### नवविवाहिता की मौत के मामले में दहेज हत्या का केस

**दरभंगा, एजेंसी।** एपीएम थाने के बलहा गांव में सोमवार की रात गैस एजेंसी संचालक अविनाश महथा की नवविवाहिता पत्नी पूजा कुमारी की संदिग्ध स्थिति में हुई मौत के मामले में मृतका के पिता ने मंगलवार को एपीएम थाने में दहेज हत्या की प्राथमिकी दर्ज करवायी है। थानाध्यक्ष हरिद्वार शर्मा ने यह जानकारी देते हुए कहा कि मृतका के पिता दिनेश प्रसाद ने पति, सास, ससुर एवं ननद के विरुद्ध दहेज हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी है। इस पर कार्रवाई हो रही है। हालांकि आवेदन में मृतका के पिता ने क्या आरोप लगाया है, इस बाबत उन्होंने जानकरी देने से इनकार किया। खबर लिखे जाने तक इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई थी। पोस्टमॉर्टम के बाद लाश को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया। इधर, ग्रामीणों के अनुसार ब्लॉक रोड रक्सौल, मोतिहारी निवासी दिनेश प्रसाद महासेठ की पुत्री पूजा की शादी महीनेभर पहले 26 अप्रैल को अविनाश से हुई थी। 29 मई को धूमधाम से रिसेप्शन भी हुआ था। अभी दुल्हन के हाथों की मेंहदी भी नहीं छूटी थी कि उसकी अर्थी निकल गई। पूजा की मौत से बलहा के ग्रामीण भी मर्माहत हैं। खासकर महिलाएं दुखी हैं। गांव में घटना के संबंध में लोग तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। उधर, देर रात तक बलहा के दो दर्जन से अधिक ग्रामीण अविनाश को निर्दोष बता पुलिस से गुहार लगा रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि पूजा ने खुद फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली है।



## युवक की गोली मारकर हत्या, मोबाइल और देसी शराब बरामद

**लखीसराय के हलसी थाना की घटना, पुलिस मामले की जांच में जुटी**

**लखीसराय, एजेंसी।** लखीसराय के हलसी थाना क्षेत्र में गोली मार कर युवक की हत्या कर दी गई। घटना ककरौरी बहियार स्थित बांसबाड़ी की बताई जा रही है। मृतक की पहचान देवेंद्र दाढ़ी के बेटे विपिन दाढ़ी के रूप में हुई है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया कि बुधवार की देर शाम मृतक को अपराधियों ने तीन गोली मारी। गोली की आवाज सुनने के बाद सभी लोग गांव के दक्षिणी हिस्से में पहुंचे। वहां पहुंचकर घटना की जानकारी हलसी थाना को दी गई। दल बल के साथ हलसी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं पुलिस हत्या को लेकर फिलहाल कुछ भी बताने से परहेज कर रहे है। जबकि परिजनों ने मुन्ना दाढ़ी सहित अन्य के ऊपर हत्या करने का आरोप लगाया है। मुन्ना के साथ बिपिन की लड़ाई होने की भी बात सामने आ रही है। इसके अलावा घटना स्थल से पुलिस को एक मोबाइल और देसी शराब मिला है।

# योगी आदित्यनाथ किम जोंग जैसे, भाजपा बाइडेन और पुतिन को भी बुला ले: तेजस्वी यादव



**पटना, एजेंसी।** बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी पर बड़ा जुबानी हमला किया है। उन्होंने सीएम योगी की तुलना नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन से की है। लोकसभा चुनाव का अंतिम चरण के लिए बिहार में प्रचार का धुआंधार का दौर जारी है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी की कई सभाएं पिछले दिनों बिहार में हुईं। मंगलवार को भी उन्होंने बिहार में चुनावी सभा को संबोधित किया और कहा कि दिल्ली में राम भक्त राज करेंगे ना कि तालिबानी सरकार चलाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने लालू यादव को मोहम्मद लालू प्रसाद कह दिया। इसे लेकर तेजस्वी ने जुबानी हमला किया है। कहा कि बीजेपी चाहे तो रूस के प्रेसिडेंट व्लादिमीर पुतिन या अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन को भी बिहार बुला लें। तेजस्वी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयानों पर भी अपनी बात रखी। तेजस्वी यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी योगी जी को बुला ले या किसी और को कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्हें चाहिए कि नॉर्थ कोरिया से किम जोंग उन को बुला ले और योगी जी उनके साथ हो जाएं। दोनों एक जैसे ही हैं। मंगलवार को सीएम योगी ने फतुहा, आरा और पटना में चुनावी रैलियां को संबोधित किया। तेजस्वी यादव ने सीएम योगी के बार बार बिहार दौरे पर यह बात कही। तेजस्वी यादव ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के प्रचार में लगभग 90 दिनों में उन्होंने 200 से ज्यादा चुनावी सभा करके राष्ट्रीय स्तर की पार्टी बीजेपी को बिहार में अपनी पूरी ताकत झोंक देने के लिए मजबूर कर दिया। कहा कि हमने अकेले अपना मोर्चा थामा तो उन लोगों को 15-15 बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बिहार में उतारना पड़ा। अब बीजेपी के लिए इतना ही बचा है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन को भी बुला ले। लेकिन इसका कोई लाभ उन लोगों को नहीं मिलेगा। तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि हार के डर से पीएम मोदी नर्वस हो गए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने बिहार की एक चुनावी सभा में कहा था कि जिन लोगों ने नौकरी देने के लिए जमीन ली है वे चुनाव के बाद जेल जाएंगे। उनका काउंटडाउन शुरू हो गया है। इस बात को तेजस्वी यादव ने मुद्दा बना लिया है और चुनावी सभाओं में इसका जिक्र करते हैं।

### प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने की हवन

**गया, एजेंसी।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने हवन किया। गया जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव भाई ओंकार के नेतृत्व में उनके दीर्घायु जीवन व स्वस्थ जीवन के लिए पूजा पाठ व हवन किया गया। इस अवसर पर भाई ओंकार ने कहा कि डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह एक जन नेता हैं उनके जैसा व्यक्तित्व उनके बताए विचारों पर चलकर हम सब बिहार को बेहतर करने का प्रयास करें। इस अवसर पर गुंजन सिंह, अभिषेक शर्मा, प्रेम गुप्ता, रोहित सिंह, विक्की शर्मा, शिवम शर्मा सहित दर्जनों युवा उपस्थित रहे।

# शाही लीची पर मौसम की मार, सीजन बीत रहा पर खट्टापन नहीं गया; शोध में जुटे वैज्ञानिक



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर की शाही लीची संसार भर में मशहूर है। लेकिन, शाही लीची की सीजन समाप्त होने को है, परफल में खट्टापन पूरी तरह दूर नहीं हो सका है। इस बार लीची का वजन भी नहीं बढ़ा और बीज बड़ा हो गया। किसानों के मुताबिक लीची में पहले जैसी सुगंध भी नहीं मिल रही है। तुड़ाई के बाद दूसरे दिन ही इसकी लाली मद्धिम पड़ने लग रही है। राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केन्द्र, एनएलआरसी के वैज्ञानिक इसे शोध का विषय बता रहे हैं। किसानों को इस बार शाही लीची से निराशा हाथ लगी है। वे समझ नहीं पा रहे हैं आखिर क्या करें। लीची वैज्ञानिकों के अनुसार 2014 में तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। इसके बावजूद लीची के वजन और मिठास पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा था। इस बार 41 डिग्री सेल्सियस तापमान पर ही फल झुलस रहे हैं। किसान करीब 60 फीसदी शाही लीची के नुकसान बात कर रहे हैं। उनका कहना है कि दो जून से चाइना लीची का सीजन शुरू हो रहा है। अब उसी पर आस है।

लीची वैज्ञानिक बता रहे यह शोध का विषय राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केन्द्र मुशहरी के निदेशक डॉ. विकास दास ने बताया कि शाही लीची को हो रहे नुकसान का कारण शोध का विषय है। जलवायु परिवर्तन का असर तो है ही, साथ ही लीची के बागों में मिट्टी की जांच भी अनिवार्य हो गई है। बताया कि जमीन में जरूरी पोषक तत्व की कमी के कारण साल दर साल लीची की फ्लावरिंग और फल के विकास दोनों पर असर पड़ सकता है। बोचहां के बखरी के लीची किसान सुधीर कुमार पांडेय की मानें तो उन्होंने बाग में ससमय उचित प्रबंधन किया और तालाबों से मिट्टी लाकर पेड़ के नीचे डाला, जिसके कारण शाही लीची का कम नुकसान हुआ है। इससे मिट्टी में दोष के कारण शाही लीची के नुकसान की संभावना बढ़ जा रही है।

70 रुपए किलो मिल रहा दाम, 30 रुपए का नुकसान मीनापुर के लीची व्यापारी सुबोध कुमार कुशवाहा ने बताया कि शाही लीची महानगरों में पहुंचने में देरी होने से रंग मद्धिम पड़ जा रहा है। इससे म कम मिल रहा है। कांटी के भोला त्रिपाठी ने बताया कि सौ रुपए किलो से कम कीमत मिलने पर काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। दो जून से चाइना का सीजन शुरू हो रहा है। अब उसी पर उम्मीद टिकी है।

### कपड़ा व्यवसायी से 5:50 लाख रुपये लूटकांड के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार



**भागलपुर/कहलगांव, एजेंसी।** घोघा थाना क्षेत्र के बिषहरी स्थान के पास से 26 मई को कपड़ा व्यवसायी से 5:50 लाख रुपये लूटकांड का पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। कहलगांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवानंद सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गिरफ्तारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 26 मई को घोघा बिषहरी स्थान के समीप चार बदमाशों ने भागलपुर के कपड़ा व्यवसायी श्यामसुन्दर सरावगी से 5:50 लाख रुपये लूट लिया था। वे कपड़ा दुकान से पैसे की वसूली कर टोटो से स्टेशन जा रहे थे। रास्ते में बिषहरी स्थान के पास रुपये भरा बैग छीन लिया था। इसमें टोटो चालक भी शामिल था। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से लूट की 63000 रुपये नकदी, लूट के पैसे से खरीदा नया मोटरसाइकिल, नया मोबाइल और घटना में प्रयुक्त टोटो को जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपितों में घोघा थाना क्षेत्र के पन्नूचक गांव के कीरो मंडल का पुत्र पिंटू मंडल उर्फ पिन्टा, और घोघा और शाहपुर गांव के दो विधि विरुद्ध बालक को गिरफ्तार किया गया। पिंटू मंडल का पूर्व में भी सबौर थाना में अपराधिक इतिहास रहा है और जेल जा चुका है। वहीं घटना में शामिल चौथे अपराधी के लिए छापेमारी की जा रही है। इस मामले को लेकर घोघा थाना में श्यामसुन्दर सरावगी ने केस दर्ज कराया था। खुलासा के लिए पुलिस अधीक्षक भागलपुर ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। टीम में घोघा थानाध्यक्ष अजीत कुमार, सन्होला थानाध्यक्ष चंदन कुमार, रसलपुर थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार, घोघा थाना के एसआई शशि भूषण कुमार, रंजीत कुमार आदि शामिल थे।

## विधानसभा वार बनाया गया डिस्पैच सेंटर:एक ही स्थान पर मिलेगा मतदान कर्मियों को ईवीएम और अन्य सामग्री

**2365 मतदान केंद्रों पर होगी वोटिंग**




**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में सातवें चरण यानी 1 जून लोकसभा का चुनाव होना है। आज चुनावी प्रचार का शोर थम जाएगा। इसके साथ ही चुनाव कर्मियों को मतदान सामग्री देकर बूथों तक भेजने की तैयारी अंतिम चरण में है। निर्वाचन कर्मियों को पत्र भेजा गया है। 30 मई को इन्हें ज्वाइन करना है।

31 मई को मतदान कर्मियों को ईवीएम और अन्य सामग्री देकर बूथों के लिए रवाना किया जाएगा। पहली बार ईवीएम सहित सभी सामग्री एक ही स्थान पर दी जाएगी। इसके लिए विधानसभा वार डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। संसदीय क्षेत्र के साथ विधान सभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग डिस्पैच सेंटर बनाया गया है।

### नालंदा संसदीय क्षेत्र में 2365 मतदान केंद्रों पर वोटिंग होनी है

बिहार शरीफ, अस्थावां और हरनौत विधानसभा के लिए डिस्पैच सेंटर बिहार शरीफ में होगा। जबकि हिलसा और इस्लामपुर विधानसभा का डिस्पैच सेंटर हिलसा में, राजगीर विधानसभा क्षेत्र का डिस्पैच सेंटर राजगीर में और नालंदा विधानसभा का डिस्पैच सेंटर नालंदा में बनाया गया है।

नालंदा संसदीय क्षेत्र में 2365 मतदान केंद्रों पर वोटिंग होनी है। इसके लिए सुबह 7:00 से लेकर शाम 6:00 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। मॉक पोल की अवधि चुनाव के पूर्व निर्धारित है। इस बार 22 लाख 88,240 मतदाता मतदान में हिस्सा लेंगे।

## अतरी विधानसभा क्षेत्र का आईजी ने लिया जायजा: बूथों पर बिजली-पानी की व्यवस्था का निर्देश

**हथियारबंद जवान बाइक से पेट्रोलिंग करेंगे**



**गया, एजेंसी।** गया मगध रेंज के आईजी छत्रनील सिंह ने जहानाबाद लोकसभा के तहत पड़ने वाले गया जिले की अतरी विधानसभा का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने मतदान की तैयारी से जुड़ी तमाम चीजों की जानकारी एसएसपी आशीष भारती से ली। आईजी को बताया गया कि अतरी विधानसभा में 338 बूथों पर मतदान होने हैं। 317710 मतदान एक जून को मतदान करेंगे। 31 मई की शाम तक सभी पोलिंग पार्टी के साथ पुलिस बल अपने अपने बूथों पर होंगे।

### भीषण गर्मी पर भी चर्चा हुई

आईजी को एसएसपी ने बताया कि सामान्य बूथों पर जिला पुलिस बल और होमगार्ड के जवान की तैनाती की गई है। संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों पर जिला पुलिस और अर्धसैनिक बल को तैनात किया गया है। इस मौके पर भीषण गर्मी पर भी चर्चा हुई।

आईजी ने कहा कि हर हाल में लू से बचने के लिए जारी एसओपी का पालन अफसर और जवान जरूर करें। साथ ही बिजली-पानी की व्यवस्था बूथों पर कैसी है। इस बात की पुष्टि भी अपनी ओर से सुनिश्चित करें। आईजी को बताया गया कि मतदान के दिन हथियारबंद जवान बाइक से पेट्रोलिंग करेंगे। वे किसी भी प्रकार की सूचना पर 10 मिनट के भीतर किसी भी बूथ पर पहुंच स्थिति को काबू में करेंगे।

### तैयारियों की समीक्षा की

आईजी ने अतरी थाना परिसर में वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के संयुक्त अध्यक्षता में एक बैठक भी की। मौके पर आईजी ने तैयारियों की समीक्षा की। एसएसपी आशीष भारती ने दावा किया कि जहानाबाद लोकसभा अंतर्गत पड़ने वाले गया जिला के अतरी विधानसभा क्षेत्र में होने वाले चुनाव को भयमुक्त, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक संपन्न कराने को प्रतिबद्ध है।



# राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की 75 हाजिरी अनिवार्य

**पटना, एजेंसी।** राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों (मेडिकल कॉलेज) में चिकित्सक शिक्षकों, सीनियर रेजिडेंट और ट्यूटर को 75 प्रतिशत बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य कर दिया गया है। अब बायोमेट्रिक हाजिरी के आधार पर ही उनको वेतन का भुगतान होगा। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव शशांक शेखर सिन्हा ने सभी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्राचार्य और अधीक्षक को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि नेशनल मेडिकल काउंसिल (एनएमसी) की ओर से चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए निरीक्षण एवं मूल्यांकन विभिन्न स्तरों पर किया जा रहा है। इसमें एनएमसी की ओर से चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों में चिकित्सकों की एईबीएएस प्रणाली के तहत बायोमेट्रिक उपस्थिति शत-प्रतिशत दर्ज करना अनिवार्य कर दिया गया है। एमएसआर-2023 के नियमानुसार सभी फैकल्टी, सीनियर रेजिडेंट व ट्यूटर चिकित्सकों की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। समीक्षा में स्थिति मिली थी असंतोषजनक स्वास्थ्य विभाग ने समीक्षा में पाया है कि चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों के चिकित्सकों की ओर से एईबीएएस प्रणाली में दर्ज बायोमेट्रिक उपस्थिति एनएमसी की वेबसाइट पर बहुत ही असंतोषजनक है। कुछ चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों को एनएमसी की ओर से इस मामले में कारण बताओ नोटिस भी जारी किया जा चुका है, इसलिए चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों में लगे बायोमेट्रिक उपकरण के माध्यम से उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें। साथ ही महीने के अंत में अपने संस्थान के एनएमसी बायोमेट्रिक उपकरण पर दर्ज उपस्थिति की विवरणी के आधार पर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों के चिकित्सक शिक्षकों, सीनियर रेजिडेंट और ट्यूटर का वेतन भुगतान करने का निर्देश दिया है।

### प्राचार्य और अधीक्षक की होगी पूरी जवाबदेही

इसके साथ चेताया गया है कि भविष्य में एनएमसी की ओर से निरीक्षण में बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं होने और असंतोषजनक की स्थिति में पूरी जवाबदेही प्राचार्य और अधीक्षक की होगी। गौरतलब है कि एनएमसी की ओर से एईबीएएस प्रणाली के तहत बायोमेट्रिक उपकरण मेडिकल कॉलेजों में लगाए गए हैं।

# माधोपुर में मोटा अनाज का भोजन है फायदेमन्द विषय पर सेमिनार

चाण्क्यभूमि मझौलिया

कृषि विज्ञान केंद्र माधोपुर में आयोजित एक सेमिनार में गुरुवार को मोटे अनाज को सेहत के लिये लाभकारी बताया गया।इस वावत परक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया आयोजक मंडली में डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवम कृषि विज्ञान केन्द्र माधोपुर के वैज्ञानिक शामिल हुए। कार्यक्रम के तहत कृषि विज्ञान केंद्र माधोपुर के प्रक्षेत्र में मोटे अनाज की प्रजाति प्रत्यक्षण के रूप में मडवा ,चीना एवम अन्य लघु मिलेट की विभिन्न प्रजातियां को लगाया गया है। मझौलिया प्रखंड के प्रगतिशील किसान अवधेश कुमार झा के खेत में भी अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण के रूप में लगाया गया । कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान डॉ.अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है मोटे अनाज जो की विलुप्त होने के



कगार में थे , बदलते जलवायु की दृष्टिकोण से उनकी खेती को बढ़ावा देना है । उन्हें अपने भोजन में भी शामिल करना है जो कि स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से बहुत ही लाभदायक है। कार्यक्रम के दौरान डा अनुपम अमिताभ सहायक प्राध्यापक एस आर आई एवं सह-प्रधान ने बताया की लोगों को अब मोटे अनाज की ओर लौटने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत प्रेरित किया जा रहा है। इसको लेकर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं । उन्होंने यह भी बताया कि किसानों को मोटे अनाजों की प्रसंस्करण में जो दिक्कतें आती हैं उसको लेकर के पोशाक अनाज मूल्य श्रृंखला एवं उत्कृष्ट केंद्र डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय

**• "मोटा अनाज का भोजन में शामिल होना लाभकारी"**

कृषि विश्वविद्यालय द्वारा भविष्य में कृषि विज्ञान केंद्र को यंत्रों की उपलब्धता करवाई जाएगी ताकि मोटा अनाज कटाई के बाद प्रसंस्करण के किसानों को लाभकारी सिद्ध होगा। साथ ही बदलते हुए जलवायु को देखते हुए हमें ऐसी फसलों का ही चयन करना है। परियोजना में कार्य कर रहे रोहित कुमार ने बताया कि मोटा अनाज हमारे लिए लाभदायक है साथ ही साथ उनमें लागत कम हो और सिंचाई की कम आवश्यकता सकता पड़े। कार्यक्रम के दौरान केंद्र की वैज्ञानिक डॉक्टर रीता देवी यादव, सत्येंद्र नाथ सिंह एवं शोधकर्ता डॉ अभिषेक रंजन , शिवम कुमार, अवदेश कुमार ,मनोज कुमार , दिलखुस कुमार, शैलेन्द्र कुमार, कमलेश कुमार सहित दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

# हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर गोष्ठी संपन्न

चाणक्य भूमि बेतिया

बेतिया मे आज हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ के द्वारा एक गोष्ठी आयोजित की गई जिसमे लगभग 60 पत्रकारों ने भाग लिया। ईस गोष्ठी में एक दर्जन वरीय पत्रकारो को भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ के तरफ़ से सॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव सह चेयरमैन डॉ अमानुल हक ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता को प्रारंभ हुए आज ठीक 198 साल पूरे हो गए हैं। लगभग दो सौ साल के इस सफ़र में हिंदी पत्रकारिता ने काफी उतार चढ़ाव देखे। आज ही के दिन यानी 30 मई 1826 को 'उदन्त मार्तण्ड' नामक पहला हिंदी समाचार पत्र कलकत्ता से प्रकाशित हुआ था। इसिलए आज का यह दिन हिंदी पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाया जाता है। देश का पहला

**• भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ ने पत्रकारों को सम्मान दिया**

हिन्दी समाचार पत्र इस अखबार के प्रकाशक-संपादक पंडित जुगल किशोर शुक्ल थे। हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर उपस्थिति सभी पत्रकार साथियों को हार्दिक शुभकामनाएं भी दी।

हिन्दी पत्रकरिता दिवस को अजीत कुमार, विकास सिंह, अरविंद कुमार, मिनाख्वी राय, शाहीन सबा सहित कुछ समाजसेवी लोगो ने भी अपनी अपनी बात कही।

## मझौलिया में खरीफ महाअभियान का आयोजन

चाण्क्यभूमि मझौलिया

किसान भवन मझौलिया में आयोजित प्रखण्ड स्तरीय खरीफ महा अभियानके तहत प्रशिक्षण सह उपादान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय किसानों की भागीदारी रही। किसानों को जलवायु के अनुरूप मोटे अनाज की खेती करने पर बल दिया गया।मुख्य परकृषीय यांत्रिकरण उद्यान आदि की जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम को पूर्व आत्मा अध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह,,कृषि समन्वयक कौशल कुमार,चंद्र मोहन पांडेय, शंभु कुमार,बीटीएम शैलेन्द्र कुमार,दीवाकर कुमार,स्नेहा कुमारी आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।मौके पर किसानों के समस्या और समाधान पर चर्चा की गयी।

## कुमारबाग स्थित डायट में फ्रेशर पार्टी का हुआ आयोजन

चाणक्य भूमि बेतिया

कार्यक्रम का शुभारंभ डायट प्राचार्य मधु कुमारी व व्याख्याता ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओ द्वारा सभी प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओ को फूल एवं तिलक लगाकर स्वागत किया तथा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं ने प्रथम वर्ष के छात्र- छात्राओं को फ्रेशर पार्टी दी। कार्यक्रम का संयोजन द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं ने किया। जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




# एक बाईक समेत दो शराब तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



चाणक्य भूमि मैनाटांड़

**मैनाटांड़** प्रखंड क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर थाना अंतर्गत बुधवार संध्या को पुरुषोत्तमपुर पुलिस ने गस्ती के दौरान दो अभियुक्त एक बाईक नेपाली निम्बू फ्रेश कस्तूरी 90 बोतल कुल 27 लीटर शराब के साथ माधुरी से गिरफ्तार किया है। पुरुषोत्तमपुर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया की दो अभियुक्त को 27 लीटर शराब और एक बाईक के साथ मधुरी गाँव से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सनेरा महतो उम्र( 53वर्ष) और दूसरा अभियुक्त भारती महतो उम्र (20 )वर्ष दोनों साकिन मधुरी थाना पुरुषोत्तमपुर के रूप में किया गया है। जसके विरुद्ध कांड संख्या 45/24 प्रथिमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है ।

# 38 किलोग्राम गांजा समेत 3 महिला 2 पुरुष गिरफ्तारी



चाणक्यभूमि बगहा

SDPO कुमार देवेंद्र बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बस की तलाशी ली गई इस दौरान बस में चार ट्रॉली बैग मिले जिसमें 38 किलोग्राम गांजा था। पूछताछ में पता चला कि पाँच लोग एक परिवार के रूप में बस में चढ़े थे सभी तस्करों को गिरफ्तार कर लिया

**• बगहा पुलिस ने गांजा तस्करों के एक बड़े गिरोह का खुलासा करते हुये पाँच तस्करों को गिरफ्तार किया है जिनमे तीन महिलाएँ भी शामिल है**

गया है। गांजा की खेप उड़ीसा से पटना लाकर यूपी पहुंचाई जा रही थी।

# दुष्कर्म के आरोपी को सजा दिलाने के लिए कैंडल मार्च



चाणक्यभूमि मोतिहारी

रक्सौल में नाबालिग के दुष्कर्मियों को सजा दिलाने के लिए देर शाम कैंडल मार्च निकाला गया। यह आयोजन बजरंग दल के पूर्व संयोजक दिग्विजय पार्थ के नेतृत्व में किया गया। इसमें गीता क्लास के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।इसका समर्थन नगर के भारी संख्या में लोगों ने किया।पीड़िता के घर से उसके परिजनों के साथ कैंडिल मार्च एव विशाल मशाल जुलूस निकाला गया, जो पूरे रक्सौल नगर परिक्रमा के बाद पोस्ट ऑफिस चौक पर सभा करके समाप्त हो गया। इस दौरान इस घटना के फरार दुष्कर्मियों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की गई।

सभा को संबोधित करते हुए दिग्विजय पार्थ ने कहा कि घटना के 21 दिन बाद भी मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। यह गंभीर चिंता का विषय है। इसलिए इस जुलूस में शामिल लोगों ने आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फांसी देने की मांग की।







# सशस्त्र सीमा बल एवं सशस्त्र प्रहरी बल नेपाल के बीच बैठक सम्पन्न

चाणक्यभूमि वाल्मीकिनगर

एसएसबी एवं एपीएफ नेपाल के बीच कमांडेंट स्तरीय बैठक सीमा चौकी वाल्मिकी आश्रम कैंप में आयोजित गई । बैठक की अध्यक्षता एसएसबी 21वीं वाहिनी के कमांडेंट प्रकाश ने किया। बैठक में कहा गया है कि भारत–नेपाल के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध बना रहेगा। साथ में दोनों देशों के अधिकारी मिलकर अवैध तस्करी, मानव तस्करी, शराब तस्करी, मानव व्यापार, सुरक्षा, नक्सल विरोधी, नारकोटिक्स, वन उत्पाद, वन जीव उत्पाद और अन्य निषिद्ध वस्तुओं की तस्करी से संबंधित जानकारी साझा करने के लिए तथा इसे रोकने के लिए दोनों देशों के तरफ से प्रयास होनी चाहिए। सीमा पर अपराधियों को रोकने के लिए सूचना आदान प्रदान करें। अगर कोई भी संदेह के घेरे में आ रहा है। तो उसे तुरंत पकड़ कर पूछताछ किया जाए। ताकि वैसे अपराधियों पर नकेल कसा जा सके। इस बैठक के दौरान नेपाल व भारत के बीच मैत्री पूर्ण खेल का आयोजन को लेकर चर्चा किया गया। तथा बैठक में आगे कहा गया है कि वैसे लोगों पर भी नजर रखना है। जो अपराधी प्रवृत्ति के हैं। बैठक में नकेल कसने के लिए कई रणनीति बनाई गई है। इस बैठक में दोनों देशों के अधिकारियो ने आपसी सहयोग के साथ आपसी तालमेल बनाए रखेंगे। भारत-नेपाल के बीच सदियों से पुरानी संस्कृति साझेदारी है। हमें इसे वर्तमान में और अधिक मजबूत एवं प्रगाढ़ बनाने की आवश्यकता। इस बैठक में एसएसबी की ओर से कमांडेंट प्रकाश, 21वीं वाहिनी बगहा, बलवंत सिंह नेगी, कमांडेंट, 44वीं वाहिनी, नंदन सिंह मेहरा, कमांडेंट 65वीं वाहिनी बगहा, अश्वनी कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी,एपीएफ नेपाल से राजेश खरेल, एस पी 17वीं वाहिनी, प्रकाश वागले, सूरज छेत्री डी.एस.पी. 31वीं समवाय त्रिवेणी,

सहायक कमांडेंट मोहित सिंह सीमा चौकी गंडक बैराज के साथ साथ अन्य सीमा चौकी प्रभारीयों ने भाग लिया ।

# स्वास्थ्य केंद्र में टीबी की दवा नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान विभाग निश्चिंत

चाणक्य भूमि योगापट्टी

**योगापट्टी** प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में (टीबी) की दवा समाप्त हो चुकी है। अस्पताल का यक्ष्मा विभाग में दवा की अनुपलब्धता के कारण रोगियों को पिछले कुछ दिनों से परेशानी उठानी पड़ रही है प्रखंड के चोरही सिरिसिया गाँव के सुरज राम सुरेश राम अनुज कुशवाहा शनि यादव युवराज राम रवि राम आदि लोगों ने बताया कि एक ओर जहां सरकार के द्वारा 2025 तक टीबी उन्मूलन को लेकर क्वायद तेज की गयी है। वहीं अस्पताल में दवा की उपलब्धता नहीं होने से व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो रहे है। अस्पताल में मिलने वाली टीबी



रोग की दवा पिछले 4 दिनों से खत्म हो चुकी है मरीज निजी दुकानों से ऊँचे दरों पर खरीद कर खाने को विवश हैं। गरीबों के लिए अस्पताल के यक्ष्मा विभाग में कई सुविधाओं को दर्शाया गया है लेकिन ऐसी कोई भी सुविधा फिलहाल दिखायी नहीं दे रही है। इसके लिए मरीजों को काफी परेशान होना पड़ रहा है। कई दिनों से पिएचसी पर पहुंचने वाले मरीजों को बिना दवा के ही लौटाया दिया जा रहा है। प्रभारी चिकित्सक पदाधिकारी डॉ अब्दुल गन्नी ने बताया की दवा की मांग किया गया है जल्द ही मरीजों को दवा मिलने लगेगी।







# चारदीवारी नहीं होने से स्कूलों में होती है चोरी की वारदात

चाणक्यभूमि वाल्मीकिनगर

नगर के गोल चौक स्थित बाल विद्या केंद्र मध्य विद्यालय सहित दर्जनों विद्यालय में चारदीवारी नहीं होने से विद्यालय परिसर बना मवेशियों का अड्डा साथ ही क्षेत्र में संचालित दर्जनों विद्यालय शिक्षा विभाग के उदासीनता के कारण उपेक्षा का दंश झेल रहे हैं। उपेक्षित विद्यालयों में मुख्य रूप से बाल विद्या केंद्र मध्य विद्यालय गोल चौक,नदी घाटी योजना उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वाल्मीकिनगर, मध्य विद्यालय वाल्मीकिनगर, प्राथमिक विद्यालय ठाढ़ी वाल्मीकिनगर हैं, जिनमें आज तक बाउंड्री नहीं कराया जा सका है। इन विद्यालयों में बाउंड्री नहीं होने के कारण विद्यालय परिसर पूर्ण रूप से मवेशियों का अड्डा बन गया है। सरकारी विद्यालयों में चारदीवारी

**• वाल्मीकि नगर के गोल चौक स्थित बाल विद्या केंद्र मध्य विद्यालय सहित दर्जनों विद्यालय में चारदीवारी नहीं होने से विद्यालय परिसर बना मवेशियों का अड्डा**

नहीं होने के कारण आए दिन चोरी की घटना घटित होती रहती है। पिछले दो महीने के अंदर मध्य विद्यालय वाल्मीकिनगर व बाल विद्या केंद्र मध्य विद्यालय गोल चौक, मध्य विद्यालय कैलाशपुर ठाढ़ी में चोरी की घटना घट चुकी है। जिसमें चोरों ने स्मार्ट क्लास के टीवी सहित राशन को चंपत कर गए हैं। बाल विद्या केंद्र मध्य विद्यालय परिसर से दो बार चापाकल को भी काट कर उड़ा ले गए, जिसके कारण बच्चों को पेय जल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता था।

# सड़क निर्माण में अनियमिता ग्रामीणों को मिली धमकी, किया प्रदर्शन

चाणक्य भूमि बैरिया

बैरिया प्रखंड क्षेत्र के बगही बघंबरपुर पंचायत के वार्ड नंबर 13 में घटिया सड़क निर्माण पर ग्रामीणों का गुस्सा भडक गया। घटिया काम को लेकर लोगो ने बवाल काटा । वही इस अनियमितता की जांच कर कार्रवाई की मांग करने लगे । ग्रामीणों ने अधिकारी को आवेदन भी दिया है ।जिसमे बताया है कि पंचायत निधि से पीसीसी निर्माण कराया गया है। जो 560 फिट पास है। जिसको मुख्य सड़क से जोडना है, लेकिन नही जोडा गया और आधा अधुरा काम किया गया है । पीसीसी को 6 इंच मोटा ढलाई करनी है । परंतु महज 3 से 4 इंच ही ढलाई की गई है । बीच मे यह मोटाई और भी कम है। यहाँ पर सडक कि चौडाई 10 फिट पास किया

**• इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा की शिकायत मिली है जांच कर की जाएगी कार्रवाई**

गया है लेकिन अपनी मर्जी से 12 फिट और 13 फिट मापा जा रहा है। और स्थानीय लोगों की डराया और धमकाया जा रहा है कि आप लोग घटिया निर्माण का विरोध किजीयगा तो आप लोगो पर मुकादमा भी किया जाएगा। ग्रामीण संदीप कुमार, गणेश कुमार,उदयभान चौधरी,राजेश चौधरी,दीपक कुमार, दिनेश चौधरी प्रयास चौधरी समेत दर्जनो ने कहा कि सरकारी राशि की लूटगसोट की जा रही है । बीडीओ कर्मजीत राम ने बताया कि आवेदन मिला है ।जांच कर कार्रवाई की जाएगी ।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714